Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 04-12-2006
Participants : Ahir Shri Vikrambhai Arjanbhai Madam

pan>

Title : Need to run a super-fast train between Jamnagar and New Delhi.

श्री विक्रमभाई अर्जनभाई माडम (जामनगर): महोदय, हमारे क्षेत्र से आने-जाने के लिए जामनगर से नई दिल्ली के लिए आश्रम एक्सप्रैस जैसी सुपरफास्ट एक्सप्रैस 12 डिब्बों वाली या उससे अधिक कोच वाली प्रतिदिन चलाने के लिए मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है। जो ट्रेन जामनगर, राजकोट, सुरेन्द्रनगर, विरमगाम, महेसाणा, पालनपुर, आबूरोड होकर नई दिल्ली तक जाए तथा यह ट्रेन वाया अहमदाबाद होकर न जाए जिससे लोगों के समय की बचत होगी और देश के डीजल की बचत होगी । रेलवे जल्दी से जल्दी ट्रेन दे, ऐसी मैं मांग करता हूं। रेलवे के पास पैसेंजर कोच नहीं है तो उसकी भी फैक्ट्री डालने की मेरी मांग है।